

# Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

# National Webinar organized at Nehru College on the impact of Covid-19 on women's health







# National Webinar organized at Nehru College on the impact of Covid-19 on women's health

नांदगांव टाइम्स राजनांदगांव • बुधवार • 14 जुलाई 2021 •

## कोविड-19 का महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोततर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर के दिशा- निर्देशन एवं भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.नौशिन अंजुम एवं डॉ. वियज लाल तिवारी के मागदर्शन में भूगोल विभाग, आई.क्यू.ए.सी. एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कोविड-19 का महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन 28 जून किया गया। वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय. की कुलपति श्रीमती ममता चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव एएसपी श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम उपस्थित थी। वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में जिला चिकित्सालय छिन्दवाडा से डॉ. रंजना टांडेकर (एमबीबीएस, एमडी) एवं टीम इज्जत सरगुजा के प्रबंधक अंचल ओझा एवं शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय सूरजपुर के व्याख्याता सुजीत कुमार मोर्य उपस्थित थे। वेबीनार का शुभारंभ भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नौशिन अंजुम द्वारा समस्त अतिथि एवं वक्ताओं का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टाण्डेकर द्वारा अपने स्वागत उद्बोष में समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियो का स्वागत करते हुए भूगोल विभाग, आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ को इस कोविड-19 का महिला स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर आयोजित इस बेबीनार आयोजन के



लिए बधाई दी गई। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ई.व्ही.रेवती द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत एवं बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञों ने कोविड 19 के परिप्रेक्ष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रभाव एवं जागरूकता विषय. पर वक्ताओ ने समस्या और इसके समाधान संबधि आवश्यक जानकारी एवं स्वयं के कार्यक्षेत्र के अनुभव प्रतिभागियो के साथ साझा किये। उन्होने बताया कि किस प्रकार विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओ , किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक समस्या का सामना करना पडा। साथ ही जागरूकता भी प्रदान की गई कि किस प्रकार महिलाएं घर की चारदीवारी के अंदर भी अपने स्वास्थ्य का सही ध्यान रख सकती है एवं अपनी शारीरिक समस्याओं को परिवार को सदस्यो से साझा करके सही समय पर चिकित्सकीय राय प्राप्त कर स्वयं की देखभाल कर सकती है। जिसमें की रोगप्रतिरोध शक्ति बढेगी ओर महिलाएं एवं किशोरियां इस कोविड-19 के दौर में स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रख सकती है। कार्यक्रम के अंत में सहसंयोजक डॅ. विजय लाल तिवारी ने मुख्य अतिथि , वक्ताओं एवं ऑनलाइन माध्यम से जुडे समस्त प्रतिभायिों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. ईव्ही रेवती, डॉ.आशा चैधरी, डॉ. आर.आर.कोचे, डॉ.एम.एल. नंदेश्वर, बी.आर.सिवारे, नितेश तिरपुडे सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टाण्डेकर ने उत्कृष्ट एवं सफ्ल वेबीनार के लिए भूगोल विभाग, आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। वेबीनार की सफ्लता के लिए महाविद्यालय के टेक्निकल एक्सपर्ट संदीप गजभिये का टेक्निकल सपोर्ट प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को फीडबैक फर्म प्रेषित किया गया एवं ई-सर्टीफ्किेट प्रदान किया गया।

# Tree plantation done by volunteers



# Self defense tips for women




www.navabharat.news

Follow as on @navabharatcg

## नेहरू कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा के बताये गये उपाय

नवभारत प्रतिनिधि ❖ डोंगरगढ़.
www.navbharat.org

शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर के मागदर्शन में 4 सितम्बर शनिवार को शारीरिक शिक्षण विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय के दोपहर 12 बजें महिलाओं के आत्मरक्षा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें महिलाओं पर किये जा रहे अत्याचार के बारे में चर्चा के साथ महिलाओं को संविधान में दिये गये अधिकार एवं कानून के बारे में विस्तृत जानकरी दी गई.

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने भी महिलाओ के सुरक्षा हेतु अपने पास उपलबध सुविधाओं से ही अपनी रक्षा करने की बात कही. उन्होंने छात्राओं को बताया कि आपने जो भी आभूषण पहने हुए है. उसका आप हथियार के रूप में उपयोग कर सकते है. मोहनीश तुरकर ने भी इस विषय पर



प्रायोगिक प्रदर्शन कर महिलाओं के सुरक्षा के बारे में बताया. कौशल महोबिया ने भी महिलाओं को दूसरे से सुरक्षा के लिए प्रायोगिक उपयोग करके बताया. इस अवसर पर काफी छात्राएं उपस्थित थी. सभी ने संकल्प लिया किय अब हम कभी भी किसी भी स्थिति में सामना जरूर करेंगे. इस अवसर पर दीपिका सिन्हा, अगंगीता डंडसेना, नम्रता खरे, रेशमा मंडावी, मीना पटेल, प्रिया महोबिया, विद्या साहू, मोनिका, दीपशिखा, प्रियंका, चित्राणी, स्वाती, लक्ष्मी, स्वलेहा खान शिवानी, सुरूचि रूपा, यशोदा,यामिनी आदि छात्राएं उपस्थित थी.

### अभाविप की नवीन कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव . अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव इकाई द्वारा सत्र 2021 .22 हेतु नगर की नवीन कायर्कारिणी की घोषणा की गई साथ ही अभविप द्वारा सत्र 2020–21 में किये गए कार्यो का नगर मंत्री द्वारा वित्त प्रस्तुत किया गया . नवीन कार्यकारिणी घोषणा में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप मेहता छत्तीसगढ़ प्रांत सहसंगठन मंत्री महेश प्रसाद छत्तीसगढ़ प्रदेश सहमंत्री चिंटू सोनकर विभाग संयोजक दिग्विजय मिश्रा उपस्थित रहे .

# Plantation done by NCC Cadets





# Under the literacy fortnight, the volunteers made the villagers aware along with the students






# 52nd Foundation Day of National Service Scheme was celebrated with enthusiasm in Nehru College

# रासेयो से नेतृत्व क्षमता का विकास

- स्वयं सेवकों ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन में रासेयो का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ।

स्वयंसेवकों ने राजगीत की प्रस्तुती दी। इस मौके पर रासेयो महिला ईकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा चौधरी ने स्थापना दिवस के संबंध में जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. ईव्ही रेवती ने बताया कि देश के निर्माण में युवाओं का बड़ा योगदान है।

देश में करीब 65 फीसदी जनसंख्या युवाओं की है, जिनके कंधों पर देश की जिम्मेदारी है। सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने कहा कि एनएसएस अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। डॉ.आरआर कोचे ने बताया कि प्रत्येक एनएसएस इकाई स्थानीय समुदायों को शामिल कर 7 दिनों की अवधि के शिविरों का आयोजन करती है। इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर, स्वयंसेवक मोहनीश तुरकर, अविनाश टेम्भुरकर एवं डाकेश्वर वर्मा ने विचार रखे।

इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती हुई। कार्यक्रम में विक्की रामटेके, मोहनीश तुरकर, अविनाश टेंबुरकर, रमन साहू, डाकेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, राजाराम सिन्हा, प्रज्जवल गेडाम, आयुष सहारे, राकेश वर्मा, उमाकांत साहू, शुभम वैष्णव, कौशल महोबिया, झलेश्वर, सुनील, रोशन वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, पूजा डोंगरे, सिमरन साखरे, श्वेता संगोड़े, राधिका साहू, प्रियंका लारिया, विद्या साहू, प्रियंका सहारे, मीना पटेल, प्रिया महोबिया, मोनिका महोबिया, शीतल अग्रवाल, नीतिका मंडावी, भारती वर्मा, प्रियंका वर्मा आदि मौजूद थे।

# Amrit Mahotsav on the occasion of 75 years of independence



# One day workshop on duty conduct and limitations in Nehru College



# Constitution Day celebrated with enthusiasm in Government Nehru College









# Hindi Department celebrated Chhattisgarhi Official Language Day with enthusiasm






# Hindi Department celebrated Chhattisgarhi Official Language Day with enthusiasm

## छत्तीसगढ़ी भाषा में है बहुत संभावनाएं

### हिन्दी विभाग ने मनाया राजभाषा दिवस

डोंगरगढ़, ( सबेरा संकेत )। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टाण्डेकर व डॉ. येशुक्रिती हजारे, डॉ. नीता ठाकुर, डॉ. मेधाविनी तुरे द्वारा छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ अरपा पैरी के धार गीत, मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य, डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं डॉ. नंदेश्वर को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य ने कहा कि भाषा सर्वोत्तम मानवीय सृजक है। भाषा ही संस्कृति एवं ज्ञान-विज्ञान की संवाहक है। छत्तीसगढ़ी का निर्माण भाषा और साहित्य की अस्मिता की ताकत पर ही तो हुआ है।

छत्तीसगढ़ी मातृभाषा को स्थान मिले, भाषा की गहनता को समझने का प्रयास छात्र-छात्राओं का करना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य में राज्य की संस्कृति, भाषा, बोली का सम्मान और आदर निष्ठा के साथ नैतिक कर्तव्यों का पालन निरंतर करते रहे साथ ही छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। हिन्दी विभाग की प्राध्यपिका डॉ. येशुक्रिती ने कहा कि छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का कार्य किया जा रहा है। नये साहित्य सृजन के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा में बहुत संभावनाएं है लेकिन मुद्रण प्रकाशन की सुविधाएं जैसी दूसरी भाषाओं के लिए उपलब्ध है, वैसी छत्तीगसढ़ी भाषा के प्रोत्साहन और विकास के लिए नहीं है।

राज्य के दो विश्व विद्यालय पं. रविशंकर शुक्ल और कुशभाउ ठाकरे में एम.ए. छत्तीसगढ़ी का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। पं. सुदंरलाल शर्मा विश्व विद्यालय में छत्तीसगढ़ी भाषा डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। साथ ही सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन खुरमा, दूध फरहा, देहदोरी, ठेठरी, अम्बाढ़ी फूल चटनी, गलगला, अरसा, भजिया, अंगाकर रोटी, चिल्हा, मोटा रोटी, जिमीकंद सब्जी आदि व्यंजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस को आनंद एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हजारे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मेधाविनी तुरे ने किया।



# Voluntary blood donation camp organized at Government Nehru College
# College students donated 50 units of blood











# Voluntary blood donation camp organized at Government Nehru College

# College students donated 50 units of blood

## जिनका वजन 50 किलो से अधिक वे कर सकते हैं रक्तदान, नहीं आती कमजोरी

### शासकीय नेहरू कॉलेज कैंप में विद्यार्थियों ने 50 यूनिट ब्लड डोनेट किया

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़




डोंगरगढ़. नेहरू कॉलेज कैंप में 50 छात्रों ने किया ब्लड डोनेट।

शासकीय नेहरू कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस व रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ब्लड बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। जिनका वजन 50 किलो से अधिक है, वे सभी रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता है, रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने के पूर्व छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें पौष्टिक आहार दिया गया।

ब्लड बैंक की टीम से डॉ. ममता राय, डॉ. आयुषी परिहार, जगदीश सोनी, चिमेश साहू, उषा बोरकर, दुर्गा निर्मलकर, लक्ष्मी मेश्राम, बीके जागृत, परमेश्वर, खिलेश्वर, संतराम सहित महाविद्यालय के रेडक्रास प्रभारी डॉ. प्रदीप जांबुलकर, डॉ. एमएल नंदेश्वर, डॉ. आशा चौधरी, बीआर सिवारे, डॉ. येशुकृति हजारे, वर्षा मेश्राम सहित एनएनएस के दलनायक विक्की रामटेके, पूजा डोंगरे, प्रज्वल गेडाम, डाकेश्वर वर्मा, स्वलेहा खान, लक्ष्मी लारोकर ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।शिविर में 50 छात्र-छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में स्वाति सिन्हा, कविता मंडावी, संगीता, रोशनी वर्मा, दामिनी, पूजा, पूर्वा, अमन, रोशनी साहू, डाकेश्वर वर्मा, तेजराम, हिमांशु, नवीन साहू, हिमानी, भारती, वंशिता, मानसी जैन, अदिती, आंचल, नीता आदि ने रक्तदान किया।

नेहरू कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

# शासकीय नेहरू महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया 50 यूनिट रक्तदान



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के दिशा निर्देशन एवं यूथ रेडक्रास व रेडरिबन क्लब के तत्वावधान में 29 नवम्बर सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ब्लड बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, जिनका वजन 50 किलो से अधिक है। वे सभी रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता है। रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने के पूर्व छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें पोष्टिक आहार दिया गया। उक्त रक्तदान शिविर में संयुक्त संचालक सह अधीक्षक, भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, संबद्ध चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव की ब्लड बैंक की टीम आकर रक्तदान शिविर का संपादन किया।


ब्लड बैंक की टीम से डॉ. ममता राय, डॉ. आयुषी परिहार, जगदीश सोनी, चिमेश साहू, उषा बोरकर, दुर्गा निर्मलकर, लक्ष्मी मेश्राम, बीके जागृत परमेश्वर, खिलेश्वर, संतराम ने सहित महाविद्यालय के रेडक्रास प्रभारी डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ. एमएल नंदेश्वर, डॉ. आशा चौधरी, बीआर सिवारे, डॉ. येशुक्रिती हजारे, वर्षा मेश्राम सहित एनएनएस के दलनायक विक्की रामटेके, पूजा डोंगरे, प्रज्जवल गेडाम, डाकेश्वर वर्मा, स्वलेहा खान, लक्ष्मी लारोकर ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

उक्त रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान षिविर में कुल 50 यूनिट रक्त संग्रह हुआ, जिसका उपयोग जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए किया जा सकेगा। उक्त रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में स्वाती सिन्हा, कविता मंडावी, संगीता, रोशनी वर्मा, दामिनी, पूजा, पूर्वा, अमन, रोशनी साहू, डाकेश्वर वर्मा, तेजराम, हिमांशु, नवीन साहू, हिमानी, भारती, वंशिता, मानसी जैन, अदिती, आंचल, नीता, पवन, मुकुल महोबिया, टोमनलाल सुनील कुमार, झालेश्वर, जबिता, संकेत, संदीप कौषिक, प्रियंका, सागर, अजय, किरण, करण मेश्राम, देवेंद्र साहू, निलेश, ज्ञानेश्वर, योगेश झनक, देवेंद्र कुमार, बालाराम, भागवत, खुमान सिंह, प्रिया महोबिया, योगेश निषाद, किरण वर्मा सहित महाविद्यालय के कर्मचारी शैलेन्द्र यादव ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम के अंत में रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने रक्त रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजक विभाग को बधाई देते हुए रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# World AIDS Day celebrated in Government Nehru College



# World AIDS Day celebrated in Government Nehru College

## नेहरू कॉलेज में मना एड्स दिवस

● नवभारत प्रतिनिधि ❖ डोंगरगढ़.
www.navbharat.org

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 1 दिसम्बर को महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास सोसायटी, रेडक्रास विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को एड्स बीमारी की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के नेत्र सहायक अधिकारी राजेश राउतकर एवं काउंसलर हितेन्द्र कोसरे एवं सिनियर टी.बी आफिसर लूकेश मंडावी उपस्थित थे.

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक विक्की रामटेके सहित नंदनी साहू, राजाराम सिन्हा, प्रियंका वर्मा, भारती वर्मा, लोकेश्वरी वर्मा, योगिता वर्मा, सुरूचि वर्मा, अकरम बैग, अनवर बैग, वैशाली, पायल, ऐश्वर्या एवं अंजली सहित अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्य वक्ताओं एवं प्राध्यापको को पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया गया.

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए रेडक्रास प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने बताया कि हर साल एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करना है। जागरूकता के तहत लोगों को एड्स के लक्षण, इससे बचाव, उपचार, कारण इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाती है और कई अभियान चलाए जाते हैं जिससे इस महामारी को जड़ से खत्म करने के प्रयास किए जा सकें.

# Tree plantation gave the message of environmental protection



# Guest lecture on new education policy in Nehru College



# Guest lecture on new education policy in Nehru College

## नई शिक्षा नीति पर नेहरू महाविद्यालय में हुआ अतिथि व्याख्यान

**डोंगरगढ़।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा 17 दिसंबर को नई शिक्षा नीति विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बी.आई.टी. दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता एवं सभी प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती के शैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया । मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती ने बताया कि वास्तव में शिक्षा नीति में परिवर्तन की आवश्यकता थी । नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है ज़िनका लक्ष्य 2030 तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 5.3 .3.4 का पैटर्न फॉलो किया जाएगा जिसने की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे । बच्चों की क्षमता की पहचान एवं विकास करना ,साक्षरता एवं सतत संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ाना, शिक्षा को लचीला व गुणवत्तापूर्ण बनाना, बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोंड़ना, उत्कृष्ट स्तर पर शोध करना , शिक्षा नीति को पारदर्शी बनाना, विभिन्न प्रकार की भाषाएं सीखना, बच्चों की सोच को रचनात्मक एवं तार्किक करना है। इस व्याख्यान से विद्यार्थियों ने नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति साहू द्वारा किया गया । उन्होंने बताया नई शिक्षा नीति. को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य भारत को एक ज्ञान महाशक्ति बनाना है जिससे कि समाज में बदलाव आ सके। र्यक्रम में शिक्षकों सहित 56 विद्यार्थी लाभावित हुए। आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. ई.व्ही. रेवती ने किया।

**शिक्षा के स्तर में सुधार करने के लिए सरकार का सार्थक प्रयास- अभिषेक**

# Quiz competition organized on the topic of water conservation






# 73rd Republic Day celebrated with enthusiasm in Nehru College

रायपुर, शुक्रवार 28 जनवरी 2022
www.dailypioneer.com
पायनियर
संस्कारधानी 15


## नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 73वां गणतंत्र दिवस



पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 73 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स को राष्ट्रगान ग्रहण कराया एवं शहीद जवान अश्विनी राजपूत, संजय शर्मा, ओंकार सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के स्थापना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1930 में स्वतंत्र राष्ट्र की घोषणा की थी। भारत गणतंत्र राष्ट्र की कल्पणा कर रहा था ताकि हम किसी और के बनाये नियमो न चलकर हम स्वयं अपने नियमो पर चले और इसे आत्मसात करें। हमारे वीर शहीदो ने जो बलिदान दिया है, उनके बलिदान के महत्व को समझते हुए उनके बताये गये मार्गों का अनुशरण करें। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. आर.आर.कोचे ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने की प्रक्रिया से अवगत कराया। महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों में डॉ. नीता ठाकुर ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के राजकुमार रवि ने देशभक्ति से ओतप्रोत पंक्तियां, कु.पदमा खुटे ने देशभक्ति गीत एवं संदीप गजभिये ने संविधान के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। एनसीसी के छात्र तीरथ कुमार ने एनसीसी कैडेट्स के दैनिक अनुभव को प्रकट किया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एम.एल. नंदेश्वर ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स को एक कहानी के माध्यम से अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए अपना व्यक्तित्व विकास करने की बात कहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं गृह विज्ञान विभाग में नवपदस्थ सहायक प्राध्यापक नीलम चतुर्वेदानी को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी क्रमशः डॉ. ई.वी. रेवती, डॉ. आशा चौधरी, नितेश तिरपुड़े, बी.आर. सिवारे, डॉ.मेधाविनी तुरे, डॉ. नौशिन अंजुम, ऋचा अग्रवाल, ज्योति साहू, कु. प्रतिभा सिंह, कु. महिमा जोगनपुत्रा, कु. मनीषा भेंड़िया, कु. प्रिया ठाकुर, रोशन साहू, विक्रम देवांगन, शिवेन्द्र साहू, एवलाल मेश्राम, जेके देवांगन, सोहद्रा ठाके, संजय तिवारी, केजी सोनकर, बीआर कोसले, बीएस मंडावी, विवेक श्रीवास, शरद लाटा, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढ़े, जेआर साहू, विनोद सहारे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी डॉ. आर.आर. कोचे ने किया।



# Tributes paid to the brave soldiers martyred in the Pulwama attack






# College students participated in Prime Minister's Pariksha Pe Charcha program through online medium






# Consumer Rights Day organized in Nehru College



# World Cycle Day was celebrated in the college



# World Cycle Day was celebrated in the college

## महाविद्यालय में मनाया गया विश्व सायकिल दिवस




**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 जून को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय सेवा कोर (एन.सी.सी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सायकिल दिवस मनाया गया। इस अवसर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा-निर्देशानुसार एन.सी.सी के कार्यक्रम अधिकारी आर.आर.कोचे एवं एनएसएस के कार्यक्र्रम अधिकारी बी.आर.सिवारे के नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियों सहित एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा सायकिल दिवस के अवसर पर सायकिल का प्रयोग कर किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी प्रभारी एवं वरिष्ठ सहा.प्राध्यापक डॉ. ई.व्ही रेवती ने कहा कि साइकिल को हम जिंदगी का सबसे पहला एडवेंचर कह सकते हैं। गिरते-पड़ते हम साइकिल चलाना सीखते हैं। उम्र के अनुसार साइकिल का भी अलग - अलग महत्व है। बचपन में साइकिल शौकिया तौर पर चलाते हैं, फिर धीरे - धीरे साइकिल का उपयोग स्कूल जाने के लिए करते हैं, तो कई लोग साइकिल से अपने काम पर जाते हैं। लेकिन वक्त के साथ साइकिल की उपयोगिता भी बदल गई और महत्व भी बदल गया है। एन.सी.सी. अधिकारी डॉ.आर.आर.कोचे ने जानकारी दी कि एक वक्त था जब साइकिल को परिवार में साधन का हिस्सा माना जाता था लेकिन अब यह सिर्फ एक्सरसाइज के तौर पर प्रयोग की जाती है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 तक काफी अच्छा चला है। इसके बाद समय परिवर्तित होता गया। आज एक्सरसाइजं के साथ ही साइकिल का उपयोग एक एथलेटिक्स द्वारा भी किया जाता है। विश्व साइकिल दिवस हर साल यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली द्वारा हर साल 3 जून को यह दिवस मनाया जाता है। एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी बी.आर.सिवाने ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्रापओं को बताया कि 3 जून के दिन साल 2018 में अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस घोषित किया गया था। साइकिल दिवस को मनाए जाने का प्रस्ताब अमेरिका के मॉंटगोमरी कॉलेज के प्रोफेसर लेस्लेक सिबिल्सकी ने याचिका दी थी। इसके बाद सिबिल्सकी और उनके साथियों द्वारा प्रचार - प्रसार किया गया। जिसके बाद इस दिन को मनाने का निर्णय लिया। साइकिल सबसे सस्ता बाहन है। इसके एक नहीं अनेक फायदे हैं। पेट्रोल की खपतं नहीं होती, यह एक्सरसाइज करने के लिए बेस्ट है। सायकिल चालने से इम्युनिटी भी बढ़ती है एवं पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर सहा.प्राध्यापकगण श्रीमती सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, गुलशन सिन्हा, हेमुराम पदमे, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, सहित महाविद्यालय के कर्मचाारीगण जे.के.देवांगन, संजय तिवारी, के.जी. सोनकर, बीएस मंडावी, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव सहित एन.एस.एस.के दलनायक विक्की रामटेके उपदनायक राजाराम सहित एन.एस.सी. एवं एन.एस.एस.के स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# World Environment Day celebrated in Nehru College

